**Series BD5AC/5**

**SET-1**

प्रश्न-पत्र कोड **4/5/1**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (ब)
# HINDI (B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **18** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं – **खण्ड अ** और **खण्ड ब** ।*

*(iii) **खण्ड अ** में उपप्रश्नों सहित **45** वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल **40** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(iv) **खण्ड ब** में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।*

*(v) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।*

*(vi) यथासंभव **दोनों** खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*

## खण्ड अ

## (बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

संबंधों के मामले में सलाह देने वाले पेशेवरों का भी यह मानना रहा है कि कुछ रिश्ते ऐसे होते हैं, जिनको आप जरा-से यत्न से रखें और समुचित मान-सम्मान दें तो हमारी खुशी का कारण बन सकते हैं । अपने निकट के रिश्तों या आत्मीय रिश्तों में सहयोग और सम्मान का भाव संबंधों को न सिर्फ प्रगाढ़ बनाता है, बल्कि दुख-सुख में एक सुंदर सहयोग का तंत्र भी बन सकता है । इनका साथ मन को आंतरिक संतोष और शांति भी देता है । इसलिए समय-समय पर किसी त्योहार के बहाने या जन्मदिन के समारोह के बहाने इनसे मेलजोल बनाए रखना चाहिए और आने वाले रिश्तेदारों को समुचित सम्मान देना चाहिए । जीवन की विभिन्न परिस्थितियों में परिवार, रिश्तेदार ही तो हमारी सबसे बड़ी ताकत होते हैं जो परेशानियों में हमारी हिम्मत बढ़ाते हैं । मुसीबतों में हमारा समर्थन करते हैं और खुशियों को सौ गुना बढ़ा देते हैं । अकेले रहने वाला इंसान हमेशा चिंताग्रस्त रहता है । उसके पास अपनी समस्याओं को साझा करने के लिए, उन्हें सँभालने के लिए कोई अपना नहीं होता । रिश्तेदारों के बीच रहकर ही व्यक्ति आपसी प्रेम के महत्त्व को, अपनी जिम्मेदारी को समझता है और मुसीबत में पड़े दूसरे लोगों की मदद करता है । इसलिए छोटी-छोटी बातों में रिश्तेदारों की अनदेखी करना, उनसे किनारा करना उचित नहीं है ।

(i) खुशी पाई जा सकती है यदि :

(A) रिश्तों के मामले में पेशेवरों की सलाह मानें

(B) रिश्तों को प्रेमपूर्वक समुचित मान-सम्मान से बनाए रखें

(C) जो रिश्ते बोझ हैं उन्हें भी समझाकर अपने मन के अनुसार ढालें

(D) दोस्तों के साथ अधिक-से-अधिक समय बिताएँ

(ii) संबंधों में परस्पर सहयोग और सम्मान का भाव किस कार्य की पूर्ति करता है ?

I. रिश्तों को घनिष्ठ बनाता है

II. बेहतरीन सहयोग का तंत्र बनता है

III. अड़ोस-पड़ोस भी आपकी मदद करता है

IV. ज्यादा लोग आपका ध्यान रखते हैं

**विकल्प :**

(A) I, IV

(B) II, III

(C) III, IV

(D) I, II

(iii) निम्नलिखित कथन तथा कारण को पढ़कर, सही विकल्प चुनकर लिखिए :

*कथन :* समय-समय पर अपने सगे-संबंधियों से त्योहार, जन्मदिन या अन्य समारोह के बहाने मिलते रहना चाहिए ।

*कारण :* ये मिलन मन को संतोष और शांति देते हैं ।

**विकल्प :**

(A) कथन ग़लत है, लेकिन कारण सही है ।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं ।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है ।

(D) कथन सही है, लेकिन कारण उसकी ग़लत व्याख्या करता है ।

(iv) जीवन की विभिन्न परिस्थितियों में संबंधी हमारी सबसे बड़ी ताकत क्यों हैं ?

(A) संकटों में समर्थन और सहयोग के लिए

(B) समाज में अपनी ताकत दिखाने के लिए

(C) अपनी जिम्मेदारियों को आसानी से समझने के लिए

(D) सुख-दुख में सच्चे हृदय से साथ देने के लिए

(v) निम्नलिखित कथनों में गद्यांश के विचारों से कौन-सा/से विचार मेल खाते हैं ? उचित विकल्प का चयन करके लिखिए :

I. आत्मीय रिश्तेदार सुख-दुख के सच्चे साथी होते हैं ।

II. अकेला व्यक्ति जीवन में सफलता प्राप्त नहीं कर सकता ।

III. रिश्तेदारों से त्योहारों के अवसर पर ही मिलना चाहिए ।

IV. रिश्तेदार सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वाह करना सिखाते हैं ।

**विकल्प :**

(A) केवल I

(B) I और III

(C) II और IV

(D) I और IV

**2.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

भारतीय संस्कृति में नदियों, जलाशयों, झीलों, तालाबों एवं कुओं का बहुत महत्त्व है । भारतीय समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक पक्षों से नदियाँ और दूसरे जलस्रोत काफी गहरे से जुड़े हैं । जीवन के अधिकांश पक्ष जलाशयों के किनारे ही पूरे होते हैं । तालाबों ने हमारे सामाजिक जीवन को बहुत अधिक प्रभावित किया है । तालाब अपने जीवन के लिए मानसून एवं प्रकृति पर निर्भर रहते हैं । पहले समाज अपने अस्तित्व के लिए तालाबों पर निर्भर रहता था । तब उसे प्राकृतिक आपदा के समय पीने के पानी की समस्या से कम जूझना पड़ता था क्योंकि तालाबों में पानी का पर्याप्त भण्डार रहता था । उससे ग्रामीण पेयजल और सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध रहता था । पहले हमारा समाज प्रकृति के रहस्यों और उसकी शक्तियों के इर्द-गिर्द घूमता था । पानी, वायु, धूप को वह दैवी कृपा मानकर उसकी पूजा करता था । इसका अभिप्राय यह था कि वह मानव जीवन के लिए उपयोगी प्राकृतिक चीज़ों में भगवान को देखता था इसलिए वह उसे गंदा करने या जरूरत से अधिक इस्तेमाल करने का विरोधी था । तालाब निर्माण से लेकर उसकी रक्षा में लोक अपनी जिम्मेदारी समझता था । नल, ट्यूबवेल आदि के आने से पानी के परंपरागत स्रोतों की उपेक्षा हुई । लोग वर्षा जल संग्रह का पुराना तरीका भूलते गए जिससे नए-नए तरह के खतरे हमारे सामने आने लगे । अब सरकारी और ग़ैर-सरकारी स्तर पर फिर से तालाबों के महत्त्व को समझकर उसके लिए काम शुरू हुआ है ।

(i) तालाब अपने अस्तित्व के लिए निर्भर करते हैं :
- (A) भूगर्भ में स्थित जल पर
- (B) मानवीय कृपा-दृष्टि पर
- (C) मानसून और प्रकृति पर
- (D) नदियों और जलकूपों पर

(ii) निम्नलिखित में जल का प्राकृतिक स्रोत ***नहीं*** है :
- (A) नदी
- (B) झरने
- (C) तालाब
- (D) झील

(iii) हमारे समाज द्वारा प्रकृति को दैवी शक्ति के रूप में पूजने का क्या कारण है ?
- (A) प्राकृतिक शक्तियों से भयभीत रहना
- (B) प्रकृति के रहस्यों को न समझ पाना
- (C) प्रकृति के कण-कण में ईश्वर का वास मानना
- (D) मानवोपयोगी वस्तुओं को ईश्वर का प्रतिरूप मानना

(iv) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए :

*कथन :* भारतीय लोक मानस में तालाब एक स्थूल वस्तु न होकर जीवन का अविभाज्य अंग है ।

*कारण :* तालाबों और जलाशयों के देखरेख का काम पूरा समाज करता था ।

**विकल्प :**
- (A) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं ।
- (B) कारण ग़लत है, लेकिन कथन सही है ।
- (C) कथन और कारण दोनों सही हैं, लेकिन कारण, कथन की ग़लत व्याख्या करता है ।
- (D) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है ।

(v) जल के परंपरागत स्रोतों की उपेक्षा का कारण है :
- (A) इनका समाप्त हो जाना
- (B) अशुद्ध जल का होना
- (C) आधुनिक स्रोतों का होना
- (D) वर्तमान जीवन-शैली

**3.** निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

(i) "उसी वक्त एक कटा हुआ कनकौआ हमारे ऊपर से गुज़रा ।" — इस वाक्य में रेखांकित का पदबंध भेद है :

(A) संज्ञा पदबंध

(B) विशेषण पदबंध

(C) क्रिया पदबंध

(D) सर्वनाम पदबंध

(ii) "मैं पीछे-पीछे दौड़ रहा था ।" — इस वाक्य में रेखांकित का पदबंध भेद है :

(A) संज्ञा पदबंध

(B) विशेषण पदबंध

(C) क्रिया पदबंध

(D) सर्वनाम पदबंध

(iii) एकाएक इतना मधुर गाना अधूरा क्यों छोड़ दिया ? — इस वाक्य में रेखांकित का पदबंध भेद है :

(A) संज्ञा पदबंध

(B) विशेषण पदबंध

(C) क्रिया पदबंध

(D) सर्वनाम पदबंध

(iv) "वह कटे हुए द्वीप के अंतिम भूखंड पर पड़ा हुआ था ।" — इस वाक्य में रेखांकित का पदबंध भेद है :

(A) संज्ञा पदबंध

(B) विशेषण पदबंध

(C) क्रिया पदबंध

(D) क्रिया-विशेषण पदबंध

(v) निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण पदबंध का उदाहरण छाँटकर लिखिए :

(A) उन्होंने छोटी-छोटी खिड़कियों वाला चौबारा किराए पर ले रखा था ।

(B) उन्होंने छोटी-छोटी खिड़कियों वाला चौबारा किराए पर ले रखा था ।

(C) उन्होंने छोटी-छोटी खिड़कियों वाला चौबारा किराए पर ले रखा था ।

(D) उन्होंने छोटी-छोटी खिड़कियों वाला चौबारा किराए पर ले रखा था ।

**4.** निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

(i) निम्नलिखित में से उपयुक्त सरल वाक्य छाँटकर लिखिए :

(A) कहानी की छोटी-से-छोटी बारीकियाँ फ़िल्म में पूरी तरह उतर आईं ।

(B) वह कहीं हीरामन का अभिनय नहीं करता अपितु खुद हीरामन में ढल गया है ।

(C) 'तीसरी कसम' उन फ़िल्मों में से है जिन्होंने साहित्य-रचना के साथ शत-प्रतिशत न्याय किया है ।

(D) फ़िल्म की खास बात थी कि वह दुख को भी सहज स्थिति में प्रस्तुत करती है ।

(ii) "दुख का ऐसा वीभत्स रूप प्रस्तुत होता है जो दर्शकों का भावनात्मक शोषण कर सके ।" — रचना के आधार पर यह वाक्य-भेद होगा :

(A) सरल वाक्य

(B) संयुक्त वाक्य

(C) मिश्र वाक्य

(D) सामान्य वाक्य

(iii) "पकड़े गए आदमियों की संख्या का पता नहीं चला पर लॉकअप में स्त्रियों की संख्या 105 थी ।" — रचना के आधार पर इसका वाक्य-भेद होगा :

(A) सरल वाक्य

(B) संयुक्त वाक्य

(C) मिश्र वाक्य

(D) सामान्य वाक्य

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में से मिश्र वाक्य छाँटकर लिखिए :

(A) व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती, उसे आगे बढ़ने का संदेश देती है ।

(B) जो बात उनकी ज़िन्दगी में थी वही उनके गीतों में भी थी ।

(C) मैंने शैलेंद्र को गीतकार नहीं, कवि कहा है ।

(D) वे सिनेमा की चकाचौंध के बीच रहते हुए यश और धन-लिप्सा से कोसों दूर थे ।

(v) स्तंभ-I को स्तंभ-II से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन करके लिखिए :

| | *स्तंभ-I* | | *स्तंभ-II* |
|---|---|---|---|
| 1. | उनका दृढ़ मंतव्य था कि दर्शकों पर उथलेपन को नहीं थोपना चाहिए । | (I) | सरल वाक्य |
| 2. | शैलेंद्र ने राजकपूर जैसे स्टार को 'हीरामन' बना दिया । | (II) | संयुक्त वाक्य |
| 3. | फ़िल्म प्रदर्शन के पहले गीत बेहद लोकप्रिय हो चुके थे लेकिन इस फ़िल्म का खरीददार कोई नहीं था । | (III) | मिश्र वाक्य |

**विकल्प :**

(A) 1-(I), 2-(II), 3-(III)

(B) 1-(II), 2-(III), 3-(I)

(C) 1-(III), 2-(I), 3-(II)

(D) 1-(III), 2-(II), 3-(I)

**5.** निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

(i) 'प्रयोगशाला' समस्त-पद कौन-से समास का उदाहरण है ?

(A) द्विगु समास

(B) तत्पुरुष समास

(C) कर्मधारय समास

(D) अव्ययीभाव समास

(ii) 'निस्संदेह' समस्त-पद का समास-भेद होगा :

(A) तत्पुरुष समास

(B) कर्मधारय समास

(C) बहुव्रीहि समास

(D) अव्ययीभाव समास

(iii) 'कार्यकुशल' समस्त-पद का विग्रह होगा :

(A) कार्य है जो कुशल

(B) कार्य में कुशलता है जिसकी

(C) कार्य में कुशल

(D) कार्य में कुशलतावाला

(iv) सही युग्म चुनकर लिखिए :

(A) सेनानायक – बहुव्रीहि समास

(B) त्रिवेणी – द्विगु समास

(C) विद्याधन – द्विगु समास

(D) घनश्याम – तत्पुरुष समास

(v) निम्नलिखित में 'महाराजा' का सही युग्म है :

(A) महान राजा – तत्पुरुष समास

(B) महान और राजा – द्वंद्व समास

(C) महान है जो राजा – बहुव्रीहि समास

(D) महान है जो राजा – कर्मधारय समास

**6.** निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित निम्नलिखित छह प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(i) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए :

(A) हथियार डालना – हथियार धरती पर रखना

(B) हाथ फैलाना – याचना करना

(C) हवा से बातें करना – सुहावने मौसम का आनंद लेना

(D) हाथ धोना – हाथ स्वच्छ रखना

(ii) 'भारी संकट से बच जाना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है :

(A) रात-दिन एक करना

(B) बगलें झाँकना

(C) साफ़ मुकर जाना

(D) बाल-बाल बचना

(iii) निम्नलिखित में 'बदल जाना' अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा होगा :

(A) आँखें फेरना

(B) आँखें दिखाना

(C) आँखों में धूल झोंकना

(D) आँखें चुराना

(iv) 'आज के युग में स्वार्थी लोग <u>अपना काम बनाने</u> में लगे रहते हैं ।' इस वाक्य में रेखांकित अंश के लिए उपयुक्त मुहावरा होगा :

(A) अपनी खिचड़ी अलग पकाना

(B) एड़ी-चोटी का जोर लगाना

(C) अपना उल्लू सीधा करना

(D) उँगली उठाना

(v) "अध्यापिका के कक्षा से बाहर जाते ही छात्रों ने __________ लिया।" वाक्य में रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त मुहावरा होगा :

(A) आसमान सिर पर उठाना

(B) कमर कसना

(C) आग में घी डालना

(D) आगे-पीछे फिरना

(vi) निम्नलिखित में से कौन-सा मुहावरा "चुनौती देकर अपनी बात कहना" अर्थ के लिए उपयुक्त होगा ?

(A) टका-सा जवाब देना

(B) घाव पर नमक छिड़कना

(C) गाल बजाना

(D) डंके की चोट पर कहना

**7.** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

उसी उदार की कथा सरस्वती बखानती,
उसी उदार से धरा कृतार्थ भाव मानती ।
उसी उदार की सदा सजीव कीर्ति कूजती;
तथा उसी उदार को समस्त सृष्टि पूजती ।
अखंड आत्म भाव जो असीम विश्व में भरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ।।

(i) पद्यांश के अनुसार उदार किसे माना गया है ?

(A) सभ्य व्यक्ति

(B) परोपकारी व्यक्ति

(C) प्रसिद्ध व्यक्ति

(D) मिलनसार व्यक्ति

(ii) देवी सरस्वती किसका गुणगान करती है ?

(A) संगीत का

(B) गायकों का

(C) सहृदयी का

(D) ज्ञानी का

(iii) उदार के प्रति धरती का भाव है :

(A) संवेदनशीलता

(B) प्रेम

(C) मित्रता

(D) कृतज्ञता

(iv) रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त शब्द का चयन कीजिए :

सब जगह अपने लिए न जीकर दूसरों के लिए जीने वालों की __________ गूँजती है ।

(A) चहलपहल

(B) कीर्ति

(C) रौनक

(D) अखंडता

(v) "अखंड आत्म भाव जो असीम विश्व में भरे" — पंक्ति का भाव है :

(A) वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना का प्रसार करना

(B) आध्यात्मिक विचारों को विश्व में प्रसारित करना

(C) परमात्मा की अखंडता का उल्लेख करना

(D) आत्मा को परमात्मा का अंश बताना

**8.** पद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उपयुक्त विकल्प को चुनकर लिखिए : *2×1=2*

(i) कबीर ने कस्तूरी मृग के उदाहरण से क्या समझाया है ?

(A) कस्तूरी मृग जंगल में कस्तूरी खोजता है ।

(B) हृदय में आत्मा के रूप में ही परमात्मा हैं ।

(C) हिरन की नाभि में ही कस्तूरी पाई जाती है ।

(D) जगह-जगह खोजने से परमात्मा मिल जाते हैं ।

(ii) सुमित्रानंदन पंत ने पहाड़ पर झरनों की किस रूप में कल्पना की है ?

(A) दूध की छोटी नदियों के रूप में

(B) चाँदनी में फूलों की बरसात के रूप में

(C) मोतियों की लड़ियों के रूप में

(D) सोनजूही की बेल के रूप में

**9.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प को चुनकर लिखिए : *5×1=5*

मगर टाइम-टेबिल बना लेना एक बात है, उस पर अमल करना दूसरी बात । पहले ही दिन उसकी अवहेलना शुरू हो जाती । मैदान की वह सुखद हरियाली, हवा के हलके-हलके झोंके, फुटबाल की वह उछल-कूद, कबड्डी के वह दाँव-घात, वॉलीबाल की वह तेज़ी और फुरती, मुझे अज्ञात और अनिवार्य रूप से खींच ले जाती और वहाँ जाते ही मैं सब कुछ भूल जाता । वह जानलेवा टाइम-टेबिल, वह आँखफोड़ पुस्तकें, किसी की याद न रहती और भाई साहब को नसीहत और फ़ज़ीहत का अवसर मिल जाता । मैं उनके साये से भागता, उनकी आँखों से दूर रहने की चेष्टा करता, कमरे में इस तरह दबे पाँव आता कि उन्हें खबर न हो । उनकी नज़र मेरी ओर उठी और मेरे प्राण निकले । हमेशा सिर पर एक नंगी तलवार-सी लटकती मालूम होती । फिर भी जैसे मौत और विपत्ति के बीच भी आदमी मोह और माया के बंधन में जकड़ा रहता है, मैं फटकार और घुड़कियाँ खाकर भी खेल-कूद का तिरस्कार न कर सकता था ।

(i) लेखक ने ऐसा क्यों कहा कि टाइम-टेबिल बनाना और उस पर अमल करना अलग-अलग बातें हैं ?

(A) टाइम-टेबिल बनाना सरल कार्य नहीं है और उस पर अमल करना उससे भी कठिन है ।

(B) टाइम-टेबिल तो सब बना लेते हैं लेकिन उसके अनुरूप दिनचर्या निर्वाह सबके बस का नहीं ।

(C) टाइम-टेबिल बनाने में पेन ही उठाना होता है अमल करने में मन-मस्तिष्क लगाना होता है ।

(D) टाइम-टेबिल के अनुरूप कार्य करने में बहुत कठिनाई होती है ।

(ii) निम्नलिखित कथन तथा कारण को पढ़कर दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए :

*कथन :* मैदान में पहुँचते ही छोटा भाई सब कुछ भूल जाता ।

*कारण :* खेल का मैदान, वहाँ की हरियाली, हवा और स्वच्छंदता छोटे भाई को अपने आगोश में समेट लेती ।

**विकल्प :**

(A) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं ।

(B) कथन सही है, लेकिन कारण उसकी ग़लत व्याख्या करता है ।

(C) कथन ग़लत है, लेकिन कारण सही है ।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है ।

(iii) भाई साहब को छोटे भाई को उपदेश देने का मौका मिल जाता, जब :

(A) छोटा भाई टाइम-टेबिल बना लेता ।

(B) वह टाइम-टेबिल के अनुसार चलता ।

(C) टाइम-टेबिल-पुस्तकों से मुँह मोड़ लेता ।

(D) पढ़ाई के लिए बैठता और नहीं पढ़ता ।

(iv) छोटा भाई अपने बड़े भाई से दूर रहने का प्रयास क्यों करता है ?

(A) बड़े भाई की डाँट-डपट के कारण

(B) बड़े भाई साहब के फेल होने के कारण

(C) प्रधानाचार्य की शिकायत के कारण

(D) दोनों भाइयों का एक ही कक्षा में होने के कारण

(v) गद्यांश के संदर्भ में स्तंभ-I को स्तंभ-II से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन करके लिखिए :

| | *स्तंभ-I* | | *स्तंभ-II* |
|---|---|---|---|
| 1. | सिर पर नंगी तलवार लटकी रहती । | (I) | खेलकूद से प्रेम |
| 2. | नसीहत और फ़ज़ीहत का अवसर मिलता । | (II) | कथानायक |
| 3. | मोह-माया का बंधन | (III) | बड़े भाई साहब |

**विकल्प :**

(A) 1-(I), 2-(II), 3-(III)

(B) 1-(II), 2-(III), 3-(I)

(C) 1-(III), 2-(II), 3-(I)

(D) 1-(I), 2-(III), 3-(II)

**10.** गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए उचित विकल्प चुनकर लिखिए : *2×1=2*

(i) 'तताँरा-वामीरो कथा' से कौन-सा/से वाक्य मेल खाता/खाते है/हैं ?

I. तताँरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था ।

II. एक ही गाँव के होने के कारण उनका विवाह नहीं हो सकता था ।

III. वामीरो मधुर गीत गाती थी ।

IV. पासा गाँव में पशु-पर्व का आयोजन हुआ ।

**विकल्प :**

(A) केवल I

(B) I और II

(C) केवल IV

(D) I, III और IV

(ii) 'कारतूस' एकांकी के संदर्भ में निम्नलिखित कथन और कारण को पढ़कर सही विकल्प चुनिए :

*कथन :* सवार के जाने के बाद कर्नल हक्का-बक्का रह गया ।

*कारण :* कर्नल ने सोचा नहीं था कि वज़ीर अली से इस प्रकार मुलाकात होगी और वह उसे गिरफ़्तार नहीं कर पाएगा ।

**विकल्प :**

(A) कथन सही है, लेकिन कारण उसकी ग़लत व्याख्या करता है ।

(B) कथन ग़लत है, लेकिन कारण सही है ।

(C) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं ।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है ।

## खण्ड ब

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11.** गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) 26 जनवरी, 1931 के दिन कलकत्ता के बड़े बाज़ार का दृश्य कैसा था ? स्वतंत्रता आंदोलन में इस तरह के दृश्यों का क्या महत्त्व रहा होगा ? 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के संदर्भ में लिखिए ।

(ख) 'शैलेंद्र' से फ़िल्म की कहानी सुनकर राजकपूर ने अपनी प्रतिक्रिया कैसे व्यक्त की और सच्ची दोस्ती का निर्वाह किस प्रकार किया ? 'तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेंद्र' पाठ के आधार पर लिखिए ।

(ग) 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ में महाकवि शेख अयाज़ की आत्मकथा से किस घटना को उद्धृत किया गया है ? उस घटना से आपको क्या सीख मिलती है ? अपने शब्दों में लिखिए ।

**12.** पद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) 'कर चले हम फ़िदा' कविता की पंक्ति "साँस थमती गई, नब्ज़ जमती गई" में किस स्थिति का वर्णन किया गया है ? इसमें सैनिक के हृदय की कौन-सी भावना व्यक्त हुई है ?

(ख) 'आत्मत्राण' कविता के माध्यम से कवि ने अपने अंतर्मन की भावना को किस प्रकार अभिव्यक्त किया है ?

(ग) कंपनी बाग की 'तोप' से हमें क्या जानकारी मिलती है ? उससे मिलने वाली सीख का भी उल्लेख कीजिए ।

**13.** पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) हरिहर काका के परिवार ने ठाकुरबारी से लौटने के बाद उन्हें 'बहुमूल्य वस्तु' जैसे सहेज कर रखा । यदि उनका परिवार पहले से ही उन्हें उचित प्यार-आदर देता तो स्थिति कैसी होती ? कहानी के आधार पर लिखिए ।

(ख) 'सपनों के-से दिन' पाठ में लेखक को विद्यालयी जीवन क्यों अच्छा नहीं लगता था ? कारण सहित उत्तर देते हुए लिखिए कि आप अपने विद्यालयी जीवन को रोचक कैसे बना सकते हैं ।

(ग) 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर लिखिए कि टोपी शुक्ला के बार-बार फेल होने के पीछे क्या कारण रहे होंगे । शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तन लाने के लिए अपने सुझाव भी दीजिए ।

**14.** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : *5*

(क) स्वास्थ्य और खेल

संकेत-बिंदु

- खेलों और स्वास्थ्य का संबंध
- शारीरिक आवश्यकता
- तनाव मुक्ति का साधन
- अनुशासन की सीख

(ख) महिलाएँ भी किसी से कम नहीं

संकेत-बिंदु

- बदलता समय
- हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी
- महिलाओं की मजबूती
- प्रगतिशील समाज

(ग) जब ग्लेशियर पिघल जाएँगे तब ...

संकेत-बिंदु

- त्राहि-त्राहि होगी
- नदी-नद खो जाएँगे
- ग्लेशियर का हाथ थामो

**15.** (क) आप रजनी/रजत हैं । अपने विद्यालय की प्रधानाचार्या को, विद्यालय में शतरंज प्रशिक्षण की व्यवस्था करवाने का निवेदन करते हुए लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

(ख) आप भावुक/भावना हैं । आप किसी दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखकर धन्यवाद दीजिए कि उनके समाचार-पत्र ने 'चन्द्रयान-3' के चित्र सहित समाचार बहुत ही अच्छे ढंग से पाठकों को उपलब्ध करवाए हैं । *5*

**16.** (क) विद्यालय के खेल सचिव की ओर से लगभग 60 शब्दों में सूचना प्रस्तुत कीजिए कि नवीं-दसवीं कक्षा के बीच अग्रिम सप्ताह अन्तर्विद्यालयी 'क्रिकेट मैच' खेला जाएगा । उसके लिए अधिकाधिक छात्रों की उपस्थिति वांछनीय है । *4*

**अथवा**

(ख) 'गाँधी स्मारक निधि' की ओर से अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में विद्यालय में भाषण और कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है । कक्षा छह से लेकर बारहवीं कक्षा तक के छात्रों को इस जानकारी से अवगत कराने हेतु एक सूचना लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए । *4*

**17.** (क) आपको अपनी 'रेसिंग' साइकिल बेचनी है । उससे संबंधित जानकारी देते हुए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) स्कूल बैग बनाने वाली कंपनी बाज़ार में नए किस्म के बैग लाना चाहती है, उसके लिए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए । *3*

**18.** (क) "एक बार जब आपको विद्यालय से लौटते हुए पैसों से भरा बैग मिला तब ..." इस कथा को लगभग 100 शब्दों में आगे बढ़ाकर पूरा कीजिए । *5*

**अथवा**

(ख) आपका एटीएम कार्ड खो गया है । इसकी जानकारी देते हुए बैंक खाते से किसी भी प्रकार के ऑनलाइन भुगतान और नकद निकासी पर रोक लगाने हेतु बैंक प्रबंधक को लगभग 100 शब्दों में ई-मेल लिखिए । *5*

<u>अत्यंत गोपनीय-केवल आंतरिक एवं सीमित प्रयोग हेतु</u>

# सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, 2023-24

## अंक-योजना

## हिंदी 'ब' विषय कोड—085

## प्रश्न-पत्र कोड-- 4/5/1, 4/5/2, 4/5/3

सामान्य निर्देश:-

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है, जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा- प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किये गए मूल्यांकन तथा कई अन्य पहलुओं से संबंधित है | इसका किसी भी तरह से सार्वजनिक रूप से लीक होना परीक्षा- प्रणाली के पटरी से उतरने का कारण बन सकता है और लाखों परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है | इस नीति /दस्तावेज को किसी को भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना IPC के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है |

3. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ।

4. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करे और आश्वस्त हो कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर-पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हो कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

5. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (√) लगाएँ और गलत उत्तर पर गलत का (×) । मूल्यांकन-कर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

6. यदि किसी प्रश्न का उपभाग हो तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर दायीं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग बायीं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

7. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

8. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें/ उन्हीं पर अंक दें।

9. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

10. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0 – 80 (उदाहरण 0--80 अंक जैसा कि प्रश्न-पत्र में दिया गया है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।

11. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

12. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं-

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
- उत्तर में दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
- उत्तर-पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि।
- योग करने में अंकों और शब्दों में अंतर होना।
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि।
- उत्तरों पर सही का चिह्न (√) लगाना किंतु अंक न देना।

13. प्रत्येक परीक्षक यह भी सुनिश्चित करेगा कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जाए, शीर्षक पृष्ठ की गई प्रविष्टि सही हो तथा कुल अंकों को आंकड़ों और शब्दों में लिखे।

14. उम्मीदवार निर्धारित प्रसंस्करण शुल्क के भुगतान पर अनुरोध कर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के हकदार हैं। अतः सभी मुख्य परीक्षकों/ अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ परीक्षकों/ समन्वयकों को एक बार फिर से याद दिलाया जाता है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मूल्यांकन योजना में दिए गए प्रत्येक उत्तर के लिए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार मूल्यांकन किया जाए।

# Series BD5AC/5 प्रश्न-पत्र कोड 4/5/1, 4/5/2, 4/5/3

## अंक योजना

## हिंदी 'ब'(085)

| प्रश्न सं. | 4/5/1 | 4/5/2 | 4/5/3 | मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **खंड अ**<br>**वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तर** | |
| **1** | **1** | **2** | **1** | **अपठित गद्यांश** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न : | **5 x 1 = 5** |
| | (i) | (i) | (v) | (B) रिश्तों को प्रेमपूर्वक समुचित मान-सम्मान से बनाए रखें | |
| | (ii) | (ii) | (iv) | (D) I, II | |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (C) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है। | |
| | (iv) | (iv) | (ii) | (D) सुख-दुख में सच्चे हृदय से साथ देने के लिए | |
| | (v) | (v) | (i) | (D) I और IV | |
| **2** | **2** | **1** | **2** | **अपठित गद्यांश** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न : | **5 x 1 = 5** |
| | (i) | (i) | (v) | (C) मानसून और प्रकृति पर | |
| | (ii) | (ii) | (iv) | (C) तालाब | |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (D) मानवोपयोगी वस्तुओं को ईश्वर का प्रतिरूप मानना | |
| | (iv) | (iv) | (ii) | (C) कथन और कारण दोनों सही हैं, लेकिन कारण, कथन की ग़लत व्याख्या करता है। | |
| | (v) | (v) | (i) | (C) आधुनिक स्रोतों का होना | |
| **3** | **3** | **3** | **3** | **'पदबंध'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | **4 x 1 = 4** |
| | (i) | - | - | (A) संज्ञा पदबंध | |
| | (ii) | - | - | (C) क्रिया पदबंध | |
| | (iii) | - | - | (A) संज्ञा पदबंध | |
| | (iv) | - | - | (A) संज्ञा पदबंध | |
| | (v) | - | - | (B) उन्होंने छोटी-छोटी खिड़कियों वाला चौबारा किराए पर ले रखा था। | |
| | - | (i) | - | (A) संज्ञा पदबंध | |
| | - | (ii) | - | (D) क्रिया पदबंध | |
| | - | (iii) | - | (C) विशेषण पदबंध | |
| | - | (iv) | - | (A) संज्ञा पदबंध | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | (v) | - | (B) हरिहर काका की प्रतिदिन खूब अच्छी तरह सेवा करें। | |
| | - | - | (i) | (A) संज्ञा पदबंध | |
| | - | - | (ii) | (B) विशेषण पदबंध | |
| | - | - | (iii) | (D) क्रिया पदबंध | |
| | - | - | (iv) | (C) विशेषण पदबंध | |
| | - | - | (v) | (D) हरिहर काका ने स्वयं दालान के कमरे से बाहर निकलकर देखा। | |
| **4** | **4** | **4** | **4** | **'रचना के आधार पर वाक्य भेद'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | **4 x 1 = 4** |
| | (i) | - | - | (A) कहानी की छोटी-से-छोटी बारीकियाँ फ़िल्म में पूरी तरह उतर आईं। | |
| | (ii) | - | - | (C) मिश्र वाक्य | |
| | (iii) | - | - | (B) संयुक्त वाक्य | |
| | (iv) | - | - | (B) जो बात उनकी ज़िंदगी में थी वही उनके गीतों में भी थी। | |
| | (v) | - | - | (C) 1 – (III), 2 – (I), 3 – (II) | |
| | - | (i) | - | (B) मन बहलाने के लिए कभी-कभी मैं भी वहाँ जाता हूँ। | |
| | - | (ii) | - | (C) मिश्र वाक्य | |
| | - | (iii) | - | (B) संयुक्त वाक्य | |
| | - | (iv) | - | (D) यदि हरिहर काका की तबीयत खराब हो जाती तो वे मुसीबत में पड़ जाते। | |
| | - | (v) | - | (B) 1 – (II), 2 – (III), 3 – (I) | |
| | - | - | (i) | (D) मैं अपने लिए तो तुमसे माँग नहीं रहा हूँ। | |
| | - | - | (ii) | (B) मिश्र वाक्य | |
| | - | - | (iii) | (C) संयुक्त वाक्य | |
| | - | - | (iv) | (D) जब हरिहर काका के भाई शाम को लौटे तब उन्हें इस दुर्घटना का पता लगा। | |
| | - | - | (v) | (A) 1 – (III), 2 – (I), 3 – (II) | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **5** | **5** | **6** | **5** | **'समास'** पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | **4 x 1 = 4** |
| | (i) | (i) | (v) | (B) तत्पुरुष समास | |
| | (ii) | (ii) | (iv) | (D) अव्ययीभाव समास | |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (C) कार्य में कुशल | |
| | (iv) | (iv) | (ii) | (B) त्रिवेणी - द्विगु समास | |
| | (v) | (v) | (i) | (D) महान है जो राजा – कर्मधारय समास | |
| **6** | **6** | **5** | **6** | **'मुहावरे'** पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | **4 x 1 = 4** |
| | (i) | (i) | (vi) | (B) हाथ फैलाना – याचना करना | |
| | (ii) | (ii) | (v) | (D) बाल-बाल बचना | |
| | (iii) | (iii) | (iv) | (A) आँखें फेरना | |
| | (iv) | (iv) | (iii) | (C) अपना उल्लू सीधा करना | |
| | (v) | (v) | (ii) | (A) आसमान सिर पर उठाना | |
| | (vi) | (vi) | (i) | (D) डंके की चोट पर कहना | |
| **7** | **7** | **10** | **8** | **'पठित पद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : | **5 x 1 = 5** |
| | (i) | (i) | (i) | (B) परोपकारी व्यक्ति | |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (C) सहृदयी का | |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (D) कृतज्ञता | |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (B) कीर्ति | |
| | (v) | (v) | (v) | (A) वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना का प्रसार करना | |
| **8** | **8** | **9** | **7** | **'काव्य खंड'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : | **2 x 1 = 2** |
| | (i) | (i) | (i) | (B) हृदय में आत्मा के रूप में ही परमात्मा हैं। | |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (C) मोतियों की लड़ियों के रूप में | |
| **9** | **9** | **8** | **10** | **'पठित गद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : | **5 x 1 = 5** |
| | (i) | (i) | (i) | (B) टाइम-टेबिल तो सब बना लेते हैं लेकिन उसके अनुरूप दिनचर्या निर्वाह सबके बस का नहीं। | |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है। | |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (C) टाइम-टेबिल-पुस्तकों से मुँह मोड़ लेता। | |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (A) बड़े भाई की डाँट-डपट के कारण | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | (v) | (v) | (v) | (B) 1-(II), 2-(III), 3-(I) | |
| **10** | **10**<br>(i)<br>(ii) | **7**<br>(i)<br>(ii) | **9**<br>(i)<br>(ii) | **'गद्य खंड'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर :<br>(D) I, III और IV<br>(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है। | **2 x 1 = 2** |
| | | | | **खंड – 'ब'**<br>**(वर्णनात्मक प्रश्न)** | |
| **11** | **11** | **13** | **13** | **'गद्य खंड'** पर आधारित किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित – | **2 x 3 = 6** |
| | (क) | - | - | <u>दृश्य-</u><br>• बड़े बाज़ार के अधिकांश घरों पर राष्ट्रीय झंडा फहरा रहा था<br>• मकानों और सार्वजानिक स्थलों की सजावट<br>• लोगों में उत्साह और नवीनता<br>• पुलिस. घुड़सवारों द्वारा गश्त<br>• प्रत्येक मोड़ पर गोरखे और सारजेंट की तैनाती<br><u>महत्त्व-</u><br>• देशभक्ति की भावना को जगाना<br>• स्वतंत्रता आंदोलन के प्रति लोगों में जोश और उत्साह का संचार<br>• स्वतंत्रता आंदोलन में संकल्पित होकर भाग लेने की प्रेरणा | **2+1= 3** |
| | (ख) | - | - | <u>प्रतिक्रिया-</u><br>• फ़िल्म में उत्साहपूर्वक काम करना स्वीकार किया<br><u>दोस्ती का निर्वाह –</u><br>• फ़िल्म की असफलताओं के खतरों से आगाह किया<br>• केवल एक रुपया पारिश्रमिक (पूरा एडवांस) माँगा | **1+2= 3** |
| | (ग) | - | - | <u>घटना</u><br>• कुएँ से नहाकर लौटते समय बाजू पर च्योंटा रेंगने वाली घटना का संक्षिप्त वर्णन | **2+1= 3** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सीख -<br>• जीव-जंतुओं के प्रति दया-करुणा की भावना<br>• उनके आशियानों को संरक्षित करना<br>• अनजाने में हुई गलती को सुधारने के लिए तत्पर | |
| | - | **(क)** | - | कैसे-<br>• सवेरे 11 बजे मारवाड़ी बालिका विद्यालय की लड़कियों द्वारा झंडोत्सव मनाना<br>• जानकी देवी, मदालसा (मदालसा बजाज–नारायण) की उपस्थिति<br>• लड़कियों को उत्सव का मतलब समझाना<br>विशेष योगदान -<br>• बड़ी संख्या में स्त्रियों की भागीदारी<br>• जगह-जगह स्त्रियों द्वारा जुलूस निकाले गए<br>• सभा स्थल पर पहुँचने का प्रयास<br>• मोनुमेंट की सीढ़ियों पर स्त्रियों द्वारा झंडा फहराना<br>• धर्मतल्ले के मोड़ पर धरना-प्रदर्शन<br>• 105 स्त्रियों की पुलिस द्वारा गिरफ्तारी | **1+2=<br>3** |
| | - | **(ख)** | - | • समाज में शाश्वत मूल्यों की स्थापना<br>• जीवन मूल्यों की रक्षा<br>• व्यावहारिकता को आदर्शों तक लाना<br>• अपने साथ दूसरों की उन्नति में सहयोग | **3** |
| | - | **(ग)** | - | • आदर्शवादी भावुक कवि<br>• यश और धन की कामना के स्थान पर आत्मसंतुष्टि पर बल देना<br>• दर्शकों की रुचि की आड़ में उथला या हलका मनोरंजन प्रस्तुत न करना<br>• एक कलाकार के कर्तव्य के रूप में दर्शकों की रुचियों का परिष्कार करना | **3** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | - | (क) | • जीवन की रफ़्तार का बढ़ना<br>• जापानियों की अमेरिका से प्रतिस्पर्धा<br>• एक महीने का काम एक दिन में पूरा करने का प्रयास<br>• दिमाग को स्पीड का इंजन लगाकर और तेज़ दौड़ाने का प्रयास<br>• मानसिक तनाव का अत्यधिक बढ़ना<br>(विद्यार्थी की संदर्भगत उपयुक्त टिप्पणी स्वीकार्य) | **3** |
| | - | - | (ख) | असहमति-<br>• 'श्री 420' के एक गीत के अंतरे की एक पंक्ति पर जयकिशन की आपत्ति<br>जयकिशन का तर्क -<br>• दर्शक गीत में 'चार दिशाएँ' समझ सकते हैं-'दस दिशाएँ' नहीं<br>शैलेंद्र का तर्क -<br>• दर्शकों की रुचि की आड़ में उथलेपन को नहीं थोपना चाहिए<br>• कलाकार का कर्तव्य है कि दर्शकों की रुचियों का परिष्कार करना | **1+2= 3** |
| | - | - | (ग) | • स्वतंत्रता आंदोलन के प्रति देशवासियों में जोश और उत्साह<br>• सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में जुलूस और धरना प्रदर्शन<br>• पुलिस के नोटिस के बावजूद सभा का आयोजन<br>• स्त्रियों द्वारा जुलूस निकालना और झंडा फहराना<br>• आंदोलनकारियों पर विभिन्न धाराएँ लगाकर गिरफ़्तार करना<br>• प्रदर्शनकारियों पर हुए भयानक लाठी चार्ज में लोगों के सिर फटना और सैकड़ों लोगों का बुरी तरह घायल होना<br>• महिला प्रदर्शनकारियों को भी गिरफ़्तार कर जेल भेजना | **3** |
| **12** | **12**<br><br>**(क)** | **12**<br><br>**(क)** | **12**<br><br>**(ग)** | **'काव्य खंड'** पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित –<br><br>स्थिति-<br>• दुर्गम पर्वतीय क्षेत्र की भीषण सर्दी में भी मृत्यु की परवाह न करते हुए देश | **2 x 3 = 6**<br><br>**2+1= 3** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | की रक्षा के लिए डटे रहना<br>● युद्धक्षेत्र में किसी भी क्षण मृत्यु से सामना<br>भावना-<br>● देशभक्ति, साहस, पुरुषार्थ, कर्तव्यबोध, दृढ़ इच्छा-शक्ति, त्याग और बलिदान आदि | |
| | (ख) | (ख) | (ख) | ● विपत्तियों से बचने की नहीं, निर्भय होकर उनसे संघर्ष करने की शक्ति<br>● धैर्यवान होकर अपने उत्तरदायित्व का वहन करना<br>● ईश्वर के प्रति विश्वास में किसी प्रकार का संशय नहीं<br>● सहायता के स्थान पर पुरुषार्थ की कामना | 3 |
| | (ग) | (ग) | (क) | जानकारी-<br>● 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों द्वारा भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों के विरोध को दबाने के लिए तोप का प्रयोग<br>सीख-<br>● आततायी सत्ता का अंत निश्चित<br>● अपनी शक्ति पर घमंड न करना<br>● देश की आज़ादी के लिए बलिदान देना | 1+2= 3 |
| **13** | **13** | **11** | **11** | **'पूरक पाठ्य-पुस्तक'** पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में अपेक्षित – | **2 x 3 = 6** |
| | (क) | (क) | (ग) | ● हरिहर काका अपने परिवार में खुश रहते<br>● भाइयों में प्रेम और सहयोग की भावना होती<br>● हरिहर काका अपने परिवारवालों पर क्रोधित न होते<br>● पुजारी को स्थिति का लाभ उठाने का अवसर न मिलता<br>● महंत जैसे लोगों की हरिहर काका को हानि पहुँचाने की हिम्मत न होती<br>(इसके अतिरिक्त संदर्भगत उचित बिंदु भी स्वीकार्य) | 3 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | क्यों-<br>● आकर्षक स्थान न लगना<br>● नई कक्षा की मुश्किल पढ़ाई | 1+2= 3 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | • ढेर सारा गृहकार्य<br>• पुरानी पुस्तकों की गंध<br>• मास्टरों की मार का भय<br>रोचक कैसे -<br>• विद्यार्थियों के संदर्भगत उचित विचार स्वीकार्य | |
| | (ग) | (ग) | (क) | कारण-<br>• पारिवारिक सहयोग न मिलना<br>• दूसरे साल टायफ़ाइड से ग्रसित होना<br>• शिक्षक और सहपाठियों द्वारा उसकी भावनाओं को आहत करना<br>• दुख और निराशा<br>सुझाव-<br>• विद्यार्थियों के संदर्भगत उपयुक्त मुक्त उत्तर स्वीकार्य | 2+1=<br>3 |
| 14 | 14 | 14 | 14 | किसी **एक** विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लेखन :<br>• विषय-वस्तु – 3 अंक<br>• भाषा – 1 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक | 1 x 5<br>= 5 |
| 15 | 15 | 15 | 15 | किसी **एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में औपचारिक पत्र लेखन:<br>• आरंभ व अंत की औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>• विषय-वस्तु – 3 अंक<br>• भाषा – 1 अंक | 1 x 5<br>= 5 |
| 16 | 16 | 18 | 16 | किसी **एक** विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लेखन:<br>• विषय-वस्तु – 2 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक<br>• भाषा – 1 अंक | 1 x 4<br>= 4 |
| 17 | 17 | 17 | 17 | किसी **एक** विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन :<br>• विषय-वस्तु – 1 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक | 1 x 3<br>= 3 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | • भाषा – 1 अंक | |
| **18** | **18**<br>**(क)**<br><br><br><br><br><br><br>**(ख)** | **16**<br>**(क)**<br><br><br><br><br><br><br>**(ख)** | **18**<br>**(ख)**<br><br><br><br><br><br><br>**(क)** | लगभग 100 शब्दों में लघुकथा **अथवा** औपचारिक ई-मेल लेखन :<br>लघुकथा लेखन –<br>• विषय-वस्तु – 3 अंक<br>• भाषा – 1 अंक<br>• प्रभाव – 1 अंक<br><br>**अथवा**<br><br>ई-मेल लेखन-<br>• औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>• विषय-वस्तु – 2 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक<br>• भाषा – 1 अंक | **1 x 5**<br>**= 5** |